दिवाली पर भी आई आई एम के सामने कचरा जला



इंदौर आई आई एम के सामने स्थित कन्फेक्शनरी क्लस्टर में फिर कचरा जलाया गया जिसको फायर ब्रिगेड और आसपास के नागरिकों द्वारा बुझाया गया।ये कचरा जलाने की घटनाएं पिछले एक वर्ष से लगातार हो रहीं है जिससे आसपास के घरों में लोगों का रहना मुश्किल हो गया है।जनप्रतिनिधि और प्रशासन मौन है और रोष बढ़ता जा रहा है।इस क्षेत्र में हजारों नागरिकों के साथ छात्र और शिक्षक और बच्चे रहते जिनको धुएं की घुटन की शिकायत हो रही है।पर्यावरण की अनदेखी और धुएं से लोगों एवं छात्रों के स्वस्थ पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

अयोध्या हाइट्स : रहवासियों ने मनाया दीपोत्सव.....



इन्दौर (संजय डागा) रोशनी के पर्व दीपावली पर बांगड़दा रोड़ स्थित अयोध्या हाइट्स के दोनों ब्लॉगों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया , रहवासियों ने एक दूसरे को दीप पर्व की शुभकामनाएं देकर बच्चों के साथ मैदान में सुरक्षा का ध्यान रखते हुए आतिशबाजी का आनंद लिया , ।।

गोमाता के साथ महालक्ष्मी पूजन



इंदौर। कामधेनु सेवा समिति ने दीपावली पर फूटी कोठी स्थित श्री कृष्ण गौशाला में महालक्ष्मी पूजन के साथ गोमाता का पूजन किया। परम गोभक्त राजेंद्र असावा ने समिति की ओर से प्रातःकालीन बेला में गोमाता पुजन आरती एवं गोग्रास के साथ श्री सुक्त के पाठ द्वारा अक्षत से अभिषेक कर महालक्ष्मी जी की आरती करके गोमाता से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि समुद्र मंथन के समय लक्ष्मीजी के पहले कामधेनु गोमाता का प्राकट्य हुवा था अतः गौमाता लक्ष्मीजी की बडी बहन है इसलिए लक्ष्मी जी की पूजा के पहले प्रातःकाल गोमाता की पूजा का विधान है साथ ही शास्त्रों अनुसार गौमय वस्ते लक्ष्मी अर्थात गोमाता में लक्ष्मी का वास होता है दीपावली की प्रातःकालीन बेला मे भारतीय देशी गोवंश की पूजा करने से यश, वैभव, कीर्ति, ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। यह जानकारी देते हुए समिति के बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने कहा कि इस अवसर पर अभिजीत इंवर, लक्ष्मीनारायण मेडतवाल, गोपालदास राठी, लव शारदा, चन्द्रशेखर पसारी, श्याम पोरवाल, नवनीत लाहौटी, सुधीर अग्रवाल, राजेन्द्र मुजे, ओमप्रकाश मालू,सहित बड़ी संख्या में गोभक्त उपस्थित थे। इस अवसर पर गोमाता को पुष्पांजलि अर्पित कर परिक्रमा कर गोमाता की पुंछ से सभी ने स्वयं की नजर उतारी। गोमाता की पूजा प.संदीप पाराशर ने संपन्न करवाई।

गिर गाय के गोबर से गिरिराज जी बनाए

इंदौर राऊ स्थित आई आई एस टी कालेज में गौशाला में श्री नीरज द्वारा गिर गाय पवित्र गोबर द्वारा गिरिराज धरण बांके बिहारी बनाए गए।इतनी सुंदर प्रतिमा अद्भुत है।आई आई एस टी में गौशाला छात्र छात्राओं को दूध और आशीर्वाद दे रही है।साथ ही संस्कार भी दे रही है।कहते हैं कि गाय में समस्त ब्रह्मांड विराजमान होता है।गाय का गोबर इसलिए भी शुद्ध माना जाता है कि गाय दो पेट होते है जिसमें गोबर शुद्ध होकर निकलता है।

ल्हासा तिब्बती शरणार्थी वूलन बाजार का इंदौर आगमन

इंदौर विगत 40 वर्षों से लाहासा तिब्बती वूलन मार्केट इंदौर के दशहरा मैदान पर आ रहा है इस वर्ष भी उनका दशहरे मैदान में आगमन हो चुका है जो की 11 नवंबर से इंदौर के दशहरे मैदान पर नई वैरायटी नया कलेक्शन और कई देशों के ब्रांडों के साथ इंदौर के दशहरा मैदान पर लहासा तिब्बती शरणार्थी वूलन मार्केट शुरू होगा यह जानकारी मीडिया प्रभारी सुरेश वानखेड़े द्वारा दी गई।



कार्टून कोना



2027 में जिला न्यायपालिका में प्रथम और तृतीय शनिवार को अवकाश रहेगा:106 दिन अवकाश

इन्दौर अभिभाषक संघ इन्दौर के 'पूर्व-अध्यक्ष' गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया है कि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के रजिस्ट्रार जनरल महोदय ने मध्यप्रदेश की जिला न्यायपालिका के लिए वर्ष 2027 के प्रस्तावित अवकाशों की टेन्टटीव लिस्ट जारी कर दी है।

टेन्टटीव सूची के अनुसार वर्ष 2027 में जिला न्यायपालिका में (जिला व सत्र न्यायालय और उसके अधीनस्थ न्यायालयों में) 52 - दिन रविवार,24 - दिन प्रथम व तृतीय शनिवार और 30 - दिन विभिन्न पर्व और त्यौहारों के उपलक्ष्य में अवकाश रहेगा।साल के 365 दिनों में से केवल 106 - दिन जिला न्यायपालिका में अवकाश रहेगा।

गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया है कि टेंटटीव लिस्ट के अनुसार जिला न्यायपालिका में वर्ष 2027 में संभवतः 01-जनवरी को नववर्ष,15 जनवरी को मकर संक्रान्ति,26 -जनवरी को गणतंत्र दिवस,11-फरवरी बसंत पंचमी,10 मार्च को ईद उल फितर,22 और 23- मार्च को होली,26- मार्च को गुड फ्राइडे, 07 अप्रैल को गुड़ी पड़वा,14 अप्रैल को डा अम्बेडकर जयंती/ बैसाखी, 15- अप्रैल को रामनवमी,16 अप्रैल को अवकाश, 19 अप्रैल को महावीर जयंती, 17 मई को ईद उल जुहा,20- मई को बुध्द पूर्णिमा,16- जून को मोहर्रम ,16 अगस्त को अवकाश,17- अगस्त को रक्षाबंधन, 25- अगस्त को जन्माष्टमी, 29 सितंबर को को सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या ,07,08,09,11 अक्टूबर को विजयादशमी /दशहरा, 26,27,28,29,30 अक्टूबर को दीपावली अवकाश (धनतेरस, छोटी दीपावली,दीपावली, गोवर्धन पूजा),और 25 -दिसम्बर को क्रिसमस डे के उपलक्ष्य में जिला न्यायपालिका में अवकाश रहेगा।

गोपाल कचोलिया ने बताया है कि जिला न्यायपालिका में ग्रीष्मकालीन अवकाश 17- मई से 11 -जून और शीतकालीन अवकाश 25- दिसम्बर से 31- दिसम्बर 2027 तक रहेगा।इस दौरान सिविल/दीवानी न्यायालयों में काम-काज नहीं होगा। लेकिन फौजदारी व अन्य न्यायालयों में कामकाज जारी रहेगा।

आगामी वर्ष -2027 में हर महीने प्रथम और तृतीय शनिवार को जिला न्यायपालिका में अवकाश रहेगा।



दीपावली के अवसर पर नंदा नगर के श्री सुमरथ सोनी द्वारा बनाई गयी आकर्षक रंगोली

प्राचीन पंचदेव मंदिर पर, गोवर्धन पूजन संपन्न

इंदौर। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर, गोवर्धन पूजा का पर्व शहर में श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम में सार्वजनिक प्राचीन पंचदेव मंदिर, एमआईजी कॉलोनी परिसर में घर-परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना के साथ पंडित रमा दीदी के मार्गदर्शन में मातृशक्ति एवं भक्तजनों द्वारा विधि-विधान से गोवर्धन पूजन किया गया।मंदिर की मुख्य पुजारी पंडित रमा दीदी ने बताया कि गोवर्धन पूजा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अटूट आस्था प्रकट करने के साथ ही प्रकृति, पर्यावरण और गोवंश के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पावन अवसर है। विधायक महेंद्र हार्डिया ने कहा कि गोवर्धन पूजा प्रकृति और गोवंश के प्रति श्रद्धा और सम्मान एवं संरक्षण का संदेश देने वाला पर्व है।यह जानकारी पंडित महेश द्विवेदी ने दी।



सैयदना मुफ़द्दल सैफुद्दीन साहब ने शांति और समृद्धि के लिए दुआ की

इंदौर : मुंबई से देवी अहिल्याबाई होलकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर वैश्विक दाउदी बोहरा समुदाय के 53वें धर्मगुरु, परम पावन सैयदना मुफ़द्दल सैफुद्दीन साहब का स्वागत करने के लिए आज इंदौर में हजारों दाउदी बोहरा समुदाय के लोग एकत्रित हुए। हवाई अड्डे के पास सुपर कॉरिडोर रोड के किनारे आइडिया ग्राउंड पर सैयदना साहब का स्वागत करने के लिए बच्चे, बूढ़े और युवा सभी समुदाय के लोग एकत्र हुए थे।



अपने संक्षिप्त संबोधन में, सैयदना सा हब ने उस स्नेह की बात की जो वे और उनके दिवंगत पिता, सैयदना मोहम्मद बुरहानुद्दीन साहब, हमेशा से इंदौर के लिए रखते आए हैं। उन्होंने शहर की अपनी कई यात्राओं और पिछले वर्षों में वहां समुदाय के साथ हुई अपनी मुलाकातों को याद किया। उन्होंने इंदौर के लोगों की शांति, समृद्धि और भलाई के लिए दुआ की।

इंदौर से, सैयदना साहब उज्जैन, आगर मालवा, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, अमरावती और जलगांव जिलों के 19 शहरों की यात्रा के लिए रवाना हुए। आने वाले दिनों में, वह समुदाय के सदस्यों से मिलेंगे, धार्मिक सभाओं की अगुवाई करेंगे और आस्था, पारिवारिक जीवन, शिक्षा, उद्यम और सामाजिक जिम्मेदारी के मामलों पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।इंदौर में दाउदी बोहरा समुदाय के सम्न्वयक, खुजैमा पेटीवाला ने उल्लेख किया कि सैयदना साहब नियमित रूप से भारत और दुनिया भर के उन शहरों और कस्बों की यात्रा करते हैं जहां दाउदी बोहरा समुदाय के लोग रहते हैं। उन्होंने कहा, 'ये यात्राएं सैयदना साहब को परिवारों के साथ सीधे जुड़ने, उनकी स्थानीय परिस्थितियों को समझने और उन्हें उन समाजों में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करने का अवसर प्रदान करती हैं जिनमें वे रहते हैं। '

चंद्र प्रभु जिनालय मल्हारगंज में 51 परिवारों ने एक साथ चढ़ाया निर्वाण लाडू



इंदौर भगवान महावीर स्वामी के निर्वाण दिवस, कार्तिक कृष्ण अमावस्या के पावन अवसर पर मल्हारगंज स्थित चंद्र प्रभु जिनालय में भक्ति और श्रद्धा का अनूठा दृश्य देखने को मिला। इस अवसर पर 51 परिवारों ने एक साथ भगवान महावीर स्वामी के चरणों में निर्वाण लाडू अर्पित कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।उल्लेखनीय है कि जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी ने कार्तिक कृष्ण अमावस्या के दिन बिहार के पावापुरी में कठोर तप साधना एवं ध्यान में लीन रहते हुए देह का त्याग कर सिद्ध अवस्था अर्थात मोक्ष प्राप्त किया था। चंद्र प्रभु जिनालय में आयोजित यह सामूहिक निर्वाण लाडू अर्पण कार्यक्रम धार्मिक आस्था, सामूहिक एकता और जैन परंपराओं के प्रति श्रद्धा का प्रेरणादायी उदाहरण बना। । डॉ प्रकाश जैन व प्रबंधक श्री अमित जैन ने कहा कि श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा एवं निश्चय के फल स्वरूप ही इतना बड़ा पुण्य कार्य संपन्न हो सका ।



इंदौर मह समीपस्थ ग्राम कोदरिया स्थित अयोध्यापुरी कालोनी में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी जगदीश प्रसाद यादव के घर हिमांशु यादव, पंडित विशेष उपाध्याय,आशुतोष पटेल, दिव्याशं तथा मित्रों ने मिलकर गो गोबर से गोवर्धन बनाया जो सराहनीय रहा।

माहेश्वरी समाज का दीपावली मिलन समारोह संपन्न

इंदौर। सामाजिक एकता, प्रतिभाओं का सम्मान और जरूरतमंद परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ माहेश्वरी समाज इंदौर जिला का दीपावली मिलन समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। समारोह में युवा सिविल जज भामिनी राठी का सम्मान किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामेश्वरलाल बिन्नानी एवं अभिजीत झवर ने अपने उद्बोधन में कहा कि माहेश्वरी समाज को आपसी एकता और सहयोग की मिसाल पेश करनी चाहिए। इस अवसर पर सम्मानित सिविल जज भामिनी राठी ने कहा कि माता-पिता की प्रेरणा और समाज के मंच से मिले प्रोत्साहन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है।

समाज के जिला अध्यक्ष ईश्वर बाहेती एवं प्रचार मंत्री चेतन बियानी ने बताया कि समारोह का शुभारंभ भगवान महेश के माल्यार्पण एवं महेश वंदना के साथ हुआ। स्वागत उद्बोधन ईश्वर बाहेती ने दिया।

प्रसिद्ध उद्योगपति राम अवतार जाजू ने समाजजनों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। अखिल भारतीय माहेश्वरी समाज के संयुक्त मंत्री भरत तोतला ने महासभा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।वरिष्ठ उपाध्यक्ष रजत बेड़िया एवं अजय शारदा ने बताया कि समारोह में पहुंचे समाजजनों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम समन्वयक रजत लड्ढा ने अतिथियों एवम भामिनी राठी का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। अतिथियों का स्वागत एवं स्मृति चिह्न भेंट केदार हेड़ा, रजत लड्ढा, राधेश्याम काबरा, हर्ष राठी, मनीष काबरा, सुधीर तोषनीवाल, सुनील माहेश्वरी एवं वर्सत भट्टड़ ने किया।कार्यक्रम का संचालन संगठन मंत्री नीलेश शारदा ने किया। आभार उपाध्यक्ष केदार हेड़ा ने माना।इस अवसर पर रामेश्वर लाल असावा, कल्याण मंत्री राजेश मूंगड़, मधुसूदन भलिका, रूपेश भूतड़ा, सुरेश हेड़ा सहित पश्चित रहे।

ज्ञान वर्द्धनी पाठशाला के बच्चों ने दीपक सजाओं व रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया

इंदौर (ओम पाटोदी)। यत्र तत्र सर्वत्र दिपावली की धूम है। इसी तारतम्य में भगवान महावीर स्वामी के 2553वें निर्वाण कल्याणक महोत्सव की पूर्व संध्या पर श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर गुप्ति सदन कालानी नगर में ज्ञानवर्धनी पाठशाला के बच्चों द्वारा दीपक सजाओ प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लिया।



इस अवसर पर पूज्य मुनि श्री साध्य सागर जी एवं श्रुल्लक जी महाराज से बच्चों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। बच्चों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितरण किए गए एवं सभी बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार भी दिए गए। पाठशाला संचालक अभय पाटोदी भैया जी ने बच्चों को समझाया कि हमें दीपावली पर्व कैसे मनाना चाहिए, बहुत से बच्चों ने पटाखे नहीं फोड़ने का संकल्प लिया ।

श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार मेवाड़ा समाज का 'अन्नकूट महोत्सव' का आयोजन

इंदौर(संदीप सोनी) । श्री मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार मेवाड़ा समाज, इंदौर के जिला अध्यक्ष मनोज सोनी ने वरिष्ठ कार्यकारिणी समिति, युवा संगठन और महिला संगठन की ओर से इंदौर सहित आसपास के क्षेत्रों में निवासरत समस्त मेवाड़ा स्वर्णकार समाज बंधुओं को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। जानकारी देते हुए अध्यक्ष मनोज सोनी ने बताया कि आगामी 22 नवंबर को एक भव्य सामाजिक कार्यक्रम 'अन्नकूट महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शहर के शुभ कारज मैरिज गार्डन में आयोजित किया जाएगा।कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा के अनुसार, रविवार, 22 नवंबर को प्रातः 11 बजे भगवान जगदीश, श्रीनाथ जी एवं कुलपुरुष महाराजा अजमेढ़ जी की भव्य महा आरती के साथ अन्नकूट महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा।

